पेट्रोलियम उत्पादों के मूल्यों में वृद्धि

328. **श्री रणजीत सिंह :**
श्री जितेन्द्र कुमार जैन :

क्या पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि देश के कुछ राज्यों में पेट्रोल, डीजल और अन्य पेट्रोलियम उत्पादों के मूल्यों में हाल ही में वृद्धि की गई है; और

(ख) यदि हां, तो कितने प्रतिशत की वृद्धि की गई है और इसके क्या कारण हैं ?

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री (श्री बी० शंकरानन्द) : (क) जी, हां। महोदय।

(ख) कुछ राज्यों ने समय-समय पर अप्राप्य कर लगाए हैं। इसलिए संबंधित राज्यों/संघ शासित क्षेत्रों/स्थानीय निकायों में उचित उपकर लगाकर 1-1-1992 से बिक्री मूल्य में संशोधन किया गया है। कुछ पेट्रोलियम उत्पादों के मूल्यों में प्रतिशत की भिन्नता दर्शाने वाला एक विवरण संलग्न है।

विवरण

1-1-1992 से प्रभावी राज्य की राजधानियों के घरेलू प्रयोग के लिये रसोई गैस और मिट्टी के तेल, पेट्रोल, डीजल के बिक्री मूल्यों में बढ़ोतरी/कमी प्रतिशतता

बढ़ोतरी/कमी

राज्य राजधानी	राज्य	एमएस-87 %	एचएसडी %	एसकेओ-डीओएम %	एलपीजी-डी ओ ए म %
अहमदाबाद	गुजरात	1.71	1.23	2.00	1.73
बंगलौर	कर्नाटक	1.37	1.03	0.37	0.93
बम्बई	महाराष्ट्र	1.89	1.07	0.41	0.68
भुवनेश्वर	उड़ीसा	1.42	1.43	1.52	1.31
कलकत्ता	पश्चिमी बंगाल	1.91	1.92	1.89	1.78
गौहाटी	असम	0.46	0.39	—	0.45
हैदराबाद	आंध्र प्रदेश	0.68	0.69	1.08	0.64
मद्रास	तमिलनाडु	3.87	3.44	3.70	3.87
पणजी	गोवा	0.98	0.19	—	—
पटना	बिहार	0.87	0.19	0.38	1.05
त्रिवेन्द्रम	केरल	6.76	5.71	3.83	5.74